# न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी— सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 143/2024 | 26.9.2024 | 19/3/26 |

राधेश्याम पुत्र रंगलाल, ब्राह्मण निवासी किशोरपुर तहसील वजीरपुर ——प्रार्थी

बनाम

लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर ——अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

उपस्थित :—श्री सतीश चंद शर्मा, एडवोकट, प्रार्थी की ओर से

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख0न0 2594/2006 रकबा 1.11 है0, ख0न0 2648/2006 रकबा 1.11 है0, ख0नं0 2649/2006 रकबा 1.11 है0 ग्राम किशोरपुर तहसील वजीरपुर में स्थित है। जिसमें प्रार्थी का 1/3 हिस्सा राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि में राजस्व अधिकारियों ने सहवन से प्रार्थी की जाति ब्राह्मण के स्थान कोली अंकित कर दी है। प्रार्थी इस गलत अंकन को सुधरवाने का अधिकारी है। उपरोक्त वर्णित भूमि का साबिक ख0नं0 2006 रकबा है एवं यह नम्बर 282 से बना है। ख0नं0 282 सम्बत् 2032 से 2035 में रहा है। साबिक ख0नं0 282/21 सम्बत् 2032 से 2035 में प्रार्थी की जाति ब्राह्मण अंकित है। प्रार्थी की सहखातेदारी की अन्य कृषि भूमि हाल खाता संख्या 250 में दर्ज ख0नं0 37 रकबा 0.35 है0 ग्राम किशोरपुर दर्ज हिस्सा 1/40, हाल खाता संख्या 251 में दर्ज ख0नं0 719 रकबा 0.08 है0, ख0नं0 720 रकबा 0.10 है0, ख0नं0 812 रकबा 0.05 है0 ग्राम किशोपुर हिस्सा 1224 में राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में प्रार्थी की जाति ब्राह्मण अंकित है। इसके अलावा सभी सरकारी दस्तावेजो में प्रार्थी की जाति ब्राह्मण अंकित है। प्रार्थी ने अपनी सही जाति ब्राह्मण दर्ज करने हेतु तहसीलदार वजीरपुर को दिनांक 13.7.2023 को कहा तो उन्होने श्रीमान्जी के न्यायालय से आदेश लाने को कहा। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख0न0 2594/2006 रकबा 1.11 है0, ख0न0 2648/2006 रकबा 1.11 है0, ख0नं0 2649/2006 रकबा 1.11 है0 ग्राम किशोरपुर तहसील वजीरपुर में हुई गलत प्रविष्टि जाति कोली के स्थान पर प्रार्थी की जाति ब्राह्मण दर्ज की जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.22 14:31:30 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने ग्राम किशोरपुर की फोटोकोपी नकल जमाबंदी सम्वत् 2072–75 खाता संख्या 236, नकल खतौनी भू–प्रबन्ध सं0 2039, नकल जमाबंदी सं0 2032 से 2035, नकल मिलान क्षेत्रफल भू–प्रबन्ध, नकल जमाबंदी सं0 2076 से 2079 खाता संख्या 251, 250 प्रस्तुत की है एवं स्वयं के आधारकार्ड की छायाप्रति भी प्रस्तुत की है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया एवं तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट चाही गई।

अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर ने प्रार्थना पत्र का बिन्दुवार जवाब प्रस्तुत किया है। जबाब में तहसीलदार वजीरपुर ने अंकित किया है कि ग्राम किशोरपुर की हाल जमाबंदी खाता संख्या 243 के ख0नं0 2594/2006 रकबा 1.11 है0, ख0नं0 2648/2006 रकबा 1.11 है0, ख0नं0 2649/2006 रकबा 1.11 है0 की खातेदारी में वादी राधेश्याम पुत्र रंगलाल हिस्सा 1/3 जाति कोली सा0देह खातेदार रहिन बीओबी शाखा वजीरपुर दर्ज है। ग्राम किशोरपुर के ख0नं0 2006 का साविक नम्बर 282 है। साविक नम्बर 282 में 282/21 जमाबंदी सं0 2032 से 2035 खाता संख्या 185 में राधेश्याम पुत्र रंगलाल जाति ब्राह्मण सा0 देह गैरखातेदार रकबा 5 बीघा दर्ज रिकार्ड है जिसमें जाति ब्राह्मण दर्ज है। प्रार्थी की अन्य कृषि भूमि हाल ख0नं0 37, 719, 720, 812 में प्रार्थी की जाति ब्राह्मण दर्ज है एवं साविक रिकार्ड में भी जाति ब्राह्मण अंकित है।

अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर की ओर से उनके पत्र क्रमांक एलआर/2026/84 दिनांक 3.2.2026 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

प्रार्थना पत्र 136 एल0आर0एक्ट पर वकील प्रार्थी को सुना गया।

प्रार्थी के वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार करने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं टिप्पणी तथा पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट में प्रार्थी की जाति भू–प्रबन्ध से पूर्व के अभिलेख में ब्राह्मण बताई है एवं भू–प्रबन्ध के दौरान जाति कोली कर देना अंकित किया है। तहसीलदार वजीरपुर ने अपनी रिपोर्ट में प्रार्थी की जाति कोली के स्थान पर ब्राह्मण दर्ज करने की अनुशंसा की है। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख एवं तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी अपनी जाति कोली के स्थान पर ब्राह्मण दर्ज कराने का अधिकारी है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.22 14:31:30 IST
Reason: SelfAttested

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं भूमि ख0न0 2594/2006 रकबा 1.11 है0, ख0न0 2648/2006 रकबा 1.11 है0, ख0नं0 2649/2006 रकबा 1.11 है0 ग्राम किशोरपुर तहसील वजीरपुर की जमाबंदी सं0 2076 से 2079 में दर्ज नाम राधेश्याम पुत्र रंगलाल हिस्सा 1/3 जाति कोली सा0देह खातेदार राहिन हिस्सा 1/3 (पूर्ण खाता) बैंक आफ बडौदा शाखा वजीरपुर के स्थान पर राधेश्याम पुत्र रंगलाल हिस्सा 1/3 जाति ब्राह्मण सा0देह खातेदार राहिन हिस्सा 1/3 (पूर्ण खाता) बैंक आफ बडौदा शाखा वजीरपुर दर्ज करने का एवं इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में शुद्धि करने का आदेश दिया जाता है। इस खाते में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13/3/26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( सुधारानी मीना )
उप जिला कलक्टर
वजीरपुर

उपखण्ड अधिकारी
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.22 14:31:30 IST
Reason: SelfAttested